पत्रांक-05/स्था0-24 /2017 ......1594....../

**झारखण्ड सरकार**

**उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग,**

**(उच्च शिक्षा निदेशालय)**

**संकल्प**

**विषयः-** **राँची विश्वविद्यालय, राँची के अन्तर्गत नवस्थापित डिग्री महाविद्यालयों में प्राचार्य, सहायक प्राध्यापक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के पदों के सृजन तथा महाविद्यालयों में संकाय की स्वीकृति के संबंध में ।**

झारखण्ड राज्य के शिक्षा के क्षेत्र में सकल नामांकन अनुपात को वर्ष 2022 तक 32 प्रतिशत लाने हेतु अनेक प्रयासों में एक प्रयास नये महाविद्यालयों की स्थापना से है, जिसके अन्तर्गत डिग्री महाविद्यालय, महिला महाविद्यालय एवं मॉडल महाविद्यालय की स्थापना की जानी है। राज्य सरकार झारखण्ड राज्य में उच्च शिक्षा के विकास हेतु प्रयत्नशील है। राँची विश्वविद्यालय, राँची के अन्तर्गत कुल 03 (तीन) नये महाविद्यालय खोलने का प्रस्ताव है, जिसमें डिग्री महाविद्यालय, खिजरी, डिग्री महाविद्यालय, सिल्ली और डिग्री महाविद्यालय, कोलेबिरा खोलने का आदेश उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक- 1956 दिनांक- 07.09.2016 के द्वारा प्राप्त है।

(2). राज्य के इन शिक्षण संस्थानों में युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए समुचित संख्या में शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के पदों का सृजन की आवश्यकता होगी तथा छात्रों की मांग के अनुरूप विषयों की पढ़ाई होना आवश्यक है। अतः उक्त महाविद्यालयों में पठन-पाठन सुचारू रूप से हो इसके लिए राँची विश्वविद्यालय, राँची के लिए महाविद्यालयवार निम्नांकित विषयों, शिक्षकों के पदों का सृजन एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के पद का सृजन की आवश्यकता होगी। उक्त के आलोक में राँची विश्वविद्यालय, राँची के अन्तर्गत निम्नलिखित 03 (तीन) डिग्री महाविद्यालयों में शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के पदों के सृजन तथा संकाय की स्वीकृति का प्रस्ताव निम्नवत् हैः-

1. डिग्री महाविद्यालय, खिजरी
2. डिग्री महाविद्यालय, सिल्ली
3. डिग्री महाविद्यालय, कोलेबिरा

1554
28/09/22

I. डिग्री महाविद्यालय, खिजरी के लिए संकायवार, विषयवार, शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों की विवरणीः

| क्र0 सं0 | संकाय | विषय | पदनाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | | | प्राचार्य | 01 |
| 2. | कला | अर्थशास्त्र | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 3. | | अंग्रेजी | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 4. | | भूगोल | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 5. | | हिन्दी | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 6. | | इतिहास | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 7. | | राजनीतिशास्त्र | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 8. | | नागपुरी | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 9. | | समाजशास्त्र | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 10. | | पंचपरगनिया | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 11. | | मुण्डारी | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 12. | विज्ञान | रसायनशास्त्र | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 13. | | गणित | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 14. | | भौतिकी | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 15. | | जन्तु विज्ञान | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 16. | | वनस्पति विज्ञान | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 17. | | भूगर्भशास्त्र | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 18. | वाणिज्य | वाणिज्य (Financial Accounting) | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| | | | कुल पदः- | 18 |

गैर शैक्षणिक पदों की विवरणी:-

| क्र0 सं0 | पदनाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | उच्च वर्गीय लिपिक | 01 |
| 2. | सहायक पुस्तकाध्यक्ष | 01 |
| 3. | निम्नवर्गीय लिपिक | 03 |
| 4. | कम्प्यूटर ऑपरेटर (बाह्य स्रोत) | 02 |
| 5. | चतुर्थ वर्गीय कर्मी (बाह्य स्रोत) | 04 |
| | कुल पदः- | 11 |

1554
28/09/22

II. **डिग्री महाविद्यालय, सिल्ली के लिए संकायवार, विषयवार, शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों की विवरणीः**

| क्र0 सं0 | संकाय | विषय | पदनाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | | | प्राचार्य | 01 |
| 2. | **कला** | अर्थशास्त्र | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 3. | | अंग्रेजी | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 4. | | भूगोल | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 5. | | हिन्दी | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 6. | | इतिहास | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 7. | | राजनीतिक विज्ञान | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 8. | | पंचपरगनिया | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 9. | | समाजशास्त्र | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 10. | | दर्शनशास्त्र | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 11. | | कुरमाली | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 12. | विज्ञान | रसायनशास्त्र | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 13. | | गणित | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 14. | | भौतिकी | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 15. | | जन्तु विज्ञान | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 16. | | वनस्पति विज्ञान | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 17. | वोकेशनल एजुकेशन | बी०सी०ए० | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 18. | वाणिज्य | वाणिज्य (Financial Accounting) | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| | | | **कुल पदः-** | **18** |

**गैर शैक्षणिक पदों की विवरणी:-**

| क्र0 सं0 | पदनाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 2. | उच्च वर्गीय लिपिक | 01 |
| 3. | सहायक पुस्तकाध्यक्ष | 01 |
| 5. | निम्नवर्गीय लिपिक | 03 |
| 6. | कम्प्यूटर ऑपरेटर (बाह्य स्रोत) | 02 |
| 5. | चतुर्थ वर्गीय कर्मी (बाह्य स्रोत) | 04 |
| | **कुल पदः-** | **11** |

1594
28/09/22

III. डिग्री महाविद्यालय, कोलेबिरा के लिए संकायवार, विषयवार, शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों की विवरणीः

| क्र0 सं0 | संकाय | विषय | पदनाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | | | प्राचार्य | 01 |
| 2. | कला | अर्थशास्त्र | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 3. | | अंग्रेजी | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 4. | | भूगोल | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 5. | | हिन्दी | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 6. | | इतिहास | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 7. | | राजनीतिक विज्ञान | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 8. | | मनोविज्ञान | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 9. | | उर्दू | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 10. | | कुड़ुख | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 11. | | नागपुरी | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 12. | | समाजशास्त्र | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 13 | विज्ञान | रसायनशास्त्र | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 14. | | गणित | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 15. | | भौतिकी | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 16. | | जन्तु विज्ञान | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 17. | | वनस्पति विज्ञान | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| 18. | वाणिज्य | वाणिज्य (Financial Accounting) | सहायक प्राध्यापक | 01 |
| | | | कुल पदः- | 18 |

गैर शैक्षणिक पदों की विवरणी:-

| क्र0 सं0 | पदनाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 3. | उच्च वर्गीय लिपिक | 01 |
| 4. | सहायक पुस्तकाध्यक्ष | 01 |
| 7. | निम्नवर्गीय लिपिक | 03 |
| 8. | कम्प्यूटर ऑपरेटर (बाह्य स्रोत) | 02 |
| 5. | चतुर्थ वर्गीय कर्मी (बाह्य स्रोत) | 04 |
| | कुल पदः- | 11 |

Kumar

1594
28/07/22

(3). अतः कंडिका-2 के आलोक में राँची विश्वविद्यालय, राँची अंतर्गत तीन (03) डिग्री महाविद्यालय को सुचारू रूप से चलाने के लिए निम्नांकित पदों के सृजन तथा महाविद्यालयों में संकाय की स्वीकृति का प्रस्ताव हैः-

| क्र0 सं0 | पदनाम | छठा/सातवां वेतनमान | पदों की संख्या | मासिक व्यय प्रति कर्मी (अनुमानित) (रूपये में) | वार्षिक व्यय (अनुमानित) (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्राचार्य | 37400-67000 AGP- 10000/Level-14 | 03 | 144200 | 51,91,200 |
| 2. | सहायक प्राध्यापक | 15600-39100 AGP- 6000/Level-10 | 51 | 57700 | 3,53,12,400 |
| 3. | उच्च वर्गीय लिपिक | 5200-20200 Grade Pay- 2400 | 03 | 18700 | 6,73,200 |
| 4. | सहायक पुस्तकाध्यक्ष | 5200-20200 Grade Pay- 1900 | 03 | 17700 | 6,37,200 |
| 5. | निम्नवर्गीय लिपिक | 5200-20200 Grade Pay- 1900 | 09 | 17700 | 19,11,600 |
| 6. | कम्प्यूटर ऑपरेटर (बाह्य स्रोत) | बाह्य श्रोत | 06 | -- | -- |
| 7. | चतुर्थ वर्गीय कर्मी | बाह्य श्रोत | 12 | -- | -- |
| | | कुलः- | 87 | | 4,37,25,600 |

(क) प्राचार्य पद पर नियुक्त होने तक तत्काल विश्वविद्यालय द्वारा वरीय शिक्षक को रखा जाएगा। बाद में सीधी नियुक्ति झारखण्ड लोक सेवा आयोग की अनुशंसा पर की जायेगी।

(ख) सहायक प्राध्यापक की सीधी नियुक्ति राज्य सरकार के Statute के अनुसार झारखण्ड लोक सेवा आयोग की अनुशंसा पर कुलपति द्वारा किया जायेगा। उक्त पदों हेतु उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग (उच्च शिक्षा निदेशालय) के संकल्प संख्या-319 दिनांक-07.02.2019 द्वारा स्वीकृत Pay Level अंतिम रूपेण प्रभावी होगा।

(ग) तृतीय वर्ग की सीधी नियुक्ति राज्य के Statute के अनुसार कर्मचारी चयन आयोग की अनुशंसा पर कुलपति द्वारा की जायेगी। शिक्षकेत्तर कर्मी के सृजित पदों हेतु वित्त विभागीय संकल्प संख्या-660/वि० दिनांक-28.02.2009 एवं उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग (उच्च शिक्षा निदेशालय) के संकल्प संख्या-357 दिनांक-13.03.2013 द्वारा स्वीकृत वेतनमान/ग्रेड पे अंतिम रूपेण प्रभावी होगा।

(घ) कम्प्यूटर ऑपरेटर की सेवा बाह्य स्रोत के आधार पर ली जायेगी तथा जैप-आई०टी० द्वारा निर्धारित मासिक मानदेय के आधार पर भुगतान किया जायेगा।



Kumar

1594
28/09/22

(ड.) चतुर्थ वर्ग की सेवा बाह्य स्रोत के आधार पर ली जायेगी तथा श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा अद्यतन निर्धारित पारिश्रमिक के आधार पर मासिक मानदेय दिया जायेगा।

(च) बाह्य स्रोत के पद स्वीकृत नहीं समझे जायँ अपितु बाह्य स्रोत से सेवा प्राप्त किये जाने हेतु अधिकतम कर्मी की संख्या समझी जायेगी।

(छ) महाविद्यालय प्रारंभ करने हेतु तत्काल प्रत्येक विषय में एक शिक्षक की नियुक्ति राज्य सरकार द्वारा संविदा के आधार पर परिपत्र संख्या-4569/विविध दिनांक-05.07.2002 का अक्षरशः अनुपालन करते हुए एक वर्ष के लिए की जायेगी। तत्पश्चात संविदा के आधार पर नियुक्त शिक्षकों के स्थान पर स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति के लिए अधियाचना झारखण्ड लोक सेवा आयोग को भेजी जायेगी।

(4). राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों तथा इसके अंगीभूत महाविद्यालयों में संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रम (स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम) के वैसे कार्यरत शिक्षक, जिनकी नियुक्ति अनुबंध के आधार पर (on contract basis) या अतिथि शिक्षक (Guest faculty) के रूप में हुई है, उनकी सेवा का नियमितिकरण (regularisation) किसी भी शर्त में नहीं किया जायेगा।

(5). इन पदों होने वाले व्यय का विकलन राज्य सरकार द्वारा निर्धारित बजट शीर्ष से किया जायेगा।

(6). प्रस्ताव पर दिनांक-24.08.2022 को आहूत मंत्रिपरिषद् की बैठक के मद संख्या-01 में स्वीकृति प्राप्त है।

आदेशः- आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति झारखण्ड राजपत्र के आगामी असाधारण अंक में सर्वसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित की जाय।

झारखण्ड राज्यपाल के आदेश से,

27.9.22

(राहुल कुमार पुरवार)
सरकार के सचिव।

ज्ञापांक-**05/स्था0-24 /2017** 1594/ राँची, दिनांक- 28/09/2022/

प्रतिलिपिः- अधीक्षक, राजकीय मुद्रणालय (सरकारी प्रेस), झारखण्ड, डोरण्डा, राँची को राजपत्र के अगले असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

27.9.22

(राहुल कुमार पुरवार)
सरकार के सचिव।

ज्ञापांक-**05/स्था0-24 /2017** 1594/ राँची, दिनांक- 28/09/2022/

प्रतिलिपिः–महालेखाकार, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

27.9.22

(राहुल कुमार पुरवार)
सरकार के सचिव।

ज्ञापांक-**05/स्था0-24 /2017** ....1594..../ राँची, दिनांक-....28/09/2022..../

प्रतिलिपिः- मुख्य सचिव, झारखण्ड/प्रधान सचिव, राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, झारखण्ड/माननीय विभागीय (मुख्य) मंत्री के प्रधान आप्त सचिव/ प्रधान सचिव, विधि विभाग, झारखण्ड/विभागीय सचिव के प्रधान आप्त सचिव/निदेशक, उच्च शिक्षा के प्रधान आप्त सचिव, झारखण्ड, राँची/बजट शाखा, उच्च शिक्षा/ नोडल पदाधिकारी, ई-ऑफिस परियोजना, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखण्ड, राँची एवं कुलसचिव, राँची विश्वविद्यालय, राँची/विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग/सिदो-कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका/नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय, मेदिनीनगर, पलामू/कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा, बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद एवं डा० श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

27.9.22

(राहुल कुमार पुरवार)
सरकार के सचिव।